तापमान

भोपाल	23.4°	11.0°
इंदौर	27.0°	15.0°
जबलपुर	21.0°	8.5°
ग्वालियर	22.3°	9.9°

दैनिक
नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 78
(भोपाल: वर्ष 40 अंक 49,पृष्ठ 12)
गुरुवार 16 जनवरी 2025
राजधानी संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये

राजधानी... गरीब कल्याण मिशन के क्रियान्वयन

खेल... इंग्लैंड लायंस के खिलाफ आस्ट्रेलिया ए की ....

व्यापार... एचडीएफसी एएमसी के शेयरों में आया ....

देश-विदेश... दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति येओल से ....

www.naiduniaonline.com

मोदी ने देश को समर्पित किए आईएनएस सूरत, नीलगिरी और वाघशीर ,कहा ....

दुनिया की बड़ी समुद्री ताकत बन रहा भारत

मुंबई (एजेंसी)।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि तीन अत्याधुनिक और प्रमुख प्लेटफार्म का एक ही दिन नौसेना के बेड़े में शामिल किया जाना मजबूत तथा आत्मनिर्भर रक्षा क्षेत्र के निर्माण तथा नौसेना को 21 वीं सदी के अनुरूप सशक्त बनाने के लिए भारत की अटूट प्रतिबद्धता को दिखाता है।

श्री मोदी ने बुधवार को यहां नौसेना डॉकयार्ड में तीन प्रमुख नौसैनिक युद्धपोतों- आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरि और आईएनएस वाघशीर को नौसेना के बेड़े में शामिल किये जाने के मौके पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि 21 वीं सदी की नौसेना को सशक्त बनाने की तरफ हम एक बड़ा कदम उठा रहे हैं और आज का भारत दुनिया की एक बड़ी समुद्री शक्ति बन रहा है। उन्होंने कहा कि यह पहली बार हो रहा है जब एक डिस्ट्रायर, एक फ्रिगेट और एक सबमरीन को एक साथ कमीशन किया जा रहा है और सबसे गर्व की बात है कि ये तीनों ही प्रमुख प्लेटफार्म मेड इन इंडिया हैं। आज का भारत दुनिया की एक बड़ी समुद्री शक्ति बन रहा है। उन्होंने कहा कि आज भारत पूरे विश्व और विशेषकर ग्लोबल साउथ में एक भरोसमंद और जिम्मेदार साथी के रूप में पहचाना जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत विस्तारवाद नहीं, विकासवाद की भावना से काम करता है। भारत ने हमेशा खुले, सुरक्षित,



समावेशी और समृद्ध हिन्द प्रशांत क्षेत्र का समर्थन किया है। भारत पूरे हिन्द महासागर क्षेत्र में पहले मदद का हाथ बढ़ाने वाले देश के रूप में उभरा है। जल हो, थल हो, नभ हो या गहरा समुद्र या असीम अंतरिक्ष हर जगह भारत अपने हितों को सुरक्षित कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का दिन भारत की समुद्री विरासत, नौसेना के गौरवशाली इतिहास और आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए एक बड़ा दिन है। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने भारत में नौसेना को एक नई ताकत और दृष्टि दी। आज सरकार ने शिवाजी महाराज की भूमि पर 21वीं सदी की भारतीय नौसेना को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। श्री मोदी ने कहा कि आज का कार्यक्रम हमारी गौरवशाली विरासत को हमारी भविष्य की आकांक्षाओं से जोड़ता है। उन्होंने कहा कि भारत का लंबी समुद्री यात्राओं, वाणिज्य, नौसेना रक्षा और जहाज उद्योग से जुड़ा एक समृद्ध इतिहास है। इस समृद्ध इतिहास से प्रेरणा लेते हुए उन्होंने कहा कि आज का भारत दुनिया में एक प्रमुख समुद्री शक्ति के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि आज लॉन्च किए गए प्लेटफॉर्म उसी की एक झलक दिखाते हैं। प्रधानमंत्री ने चोल वंश की समुद्री शक्ति को समर्पित आईएनएस नीलगिरि और सूरत युद्धपोत सहित नए प्लेटफार्मों के लॉन्च का उल्लेख किया, जो उस युग की याद दिलाता है जब गुजरात के बंदरगाह भारत को पश्चिम एशिया से जोड़ते थे। उन्होंने कुछ साल पहले पहली पनडुब्बी कलवरी के कमीशन के बाद पी 75 श्रेणी की छठी वाग्शीर पनडुब्बी के कमीशन का भी उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये नए प्लेटफॉर्म भारत की सुरक्षा और प्रगति दोनों (शेष पेज 2 पर)

नवी मुंबई में इस्कॉन मंदिर का किया उद्घाटन, बोले- भारत एक जीवंत संस्कृति

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवी मुंबई के खारघर में इस्कॉन मंदिर का उद्घाटन किया और पूजा-अर्चना की। उनके साथ

महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, सीएम देवेन्द्र फडणवीस, डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे और बीजेपी सांसद हेमा मालिनी ने मंच साझा किया। इसके साथ ही उन्होंने एक कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज ज्ञान और भक्ति की इस महान धरती पर इस्कॉन के प्रयासों से श्री श्री राधा मदनमोहन मंदिर का उद्घाटन हो रहा है। मेरा सौभाग्य है कि मुझे ऐसे अलौकिक अनुष्ठान में अपनी भूमिका निभाने का पुण्य प्राप्त हुआ है। मोदी ने कहा कि मैं अभी देख रहा था कि श्री श्री राधा मदनमोहन जी मंदिर परिषद की जो रूपरेखा है, इस मंदिर के पीछे जो विचार है, इसका जो स्वरूप है, उसमें अध्यात्म और ज्ञान की सम्पूर्ण परंपरा के दर्शन होते हैं। मंदिर में ईश्वर के विविध स्वरूपों के दर्शन होते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि ये मंदिर परिसर आस्था के साथ-साथ भारत की चेतना को भी समृद्ध करने का एक पुण्य केंद्र बनेगा। मैं इस पुनीत कार्य के लिए इस्कॉन के सभी संतों और सदस्यों को और महाराष्ट्र के लोगों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज इस मौके पर मुझे परम श्रद्धेय गोपालकृष्ण गोस्वामी महाराज का भावुक स्मरण भी हो रहा है। इस प्रोजेक्ट में उनका विजन जुड़ा हुआ है। भगवान श्रीकृष्ण के प्रति उनकी अगाध भक्ति का आशीर्वाद जुड़ा हुआ है।

मप्र में हर गरीब को पक्का मकान का संकल्प होगा पूराः डॉ. यादव

विदिशा में 177 करोड़ के विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण

भोपाल(काप्र)।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है कि हर गरीब को पक्का मकान मिले। पूरे देश में अभी तक 4 करोड़ गरीबों को पक्के मकान दिलवाए जा चुके हैं।

मध्यप्रदेश में पुराने सर्वे के अनुसार 16 लाख हितग्राहियों को पक्के मकान उपलब्ध कराने हैं, आज मध्यप्रदेश को 8.5 लाख नए आवास मिले हैं। इसके बाद पुनः सर्वे कराया जाएगा, कोई भी गरीब पक्के मकान के बिना नहीं रहेगा। मध्यप्रदेश में हर गरीब को पक्का मकान उपलब्ध कराने का संकल्प पूरा होगा।

डॉ. यादव ने बुधवार को विदिशा में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत नवीन लक्ष्य का आवंटन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को सांकेतिक रूप से गृह प्रवेश कराया और लखपति दीदियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने क्षेत्र के लिए 177 करोड़ 53 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया। इस अवसर पर केंद्रीय ग्रामीण विकास, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री और प्रभारी मंत्री लखन पटेल उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में हमारा एक ही ध्येय है विकास, विकास और विकास। हम इसकी प्राप्ति के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। आने वाले 4 वर्षों में प्रदेश के बजट को दोगुना कर दिया जाएगा। हर क्षेत्र का (शेष पेज 2 पर)

खास-खबरें

स्मृति ईरानी, शेखर कपूर नवगठित पीएमएमएल सोसायटी के सदस्य

नई दिल्ली (एजेंसी)। सरकार ने प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय (पीएमएमएल) सोसायटी का पुनर्गठन किया है, जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और प्रसिद्ध फिल्म निर्माता शेखर कपूर को बतौर सदस्य जगह मिली है। संस्कृति मंत्रालय द्वारा जारी एक आधिकारिक आदेश के अनुसार, प्रधानमंत्री के पूर्व प्रधान सचिव नृपेंद्र मिश्रा को संगठन के अध्यक्ष के रूप में पांच साल का एक और कार्यकाल प्रदान किया गया है। प्रतिष्ठित संस्थान की सोसायटी में कई नए लोग शामिल किए गए हैं, जिनमें ईरानी, कपूर के अलावा नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष राजीव कुमार, सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी सैयद अता हसनैन और संस्कार भारती के वासुदेव कामथ शामिल हैं।

जालंधर में लॉरेंस बिश्नोई-गोल्डी बराड़ गैंग के दो गुर्गे गिरफ्तार

जालंधर (एजेंसी)। पंजाब में जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने बुधवार को एक संक्षिप्त मुठभेड़ में लॉरेंस बिश्नोई-गोल्डी बराड़ गैंग के दो मुख्य गुर्गों को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि जब गैंग के सदस्य ने पुलिस टीम पर गोली चलाई तो पुलिस पार्टी ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की। इस दौरान एक आरोपी को गोली लगी और उसका इलाज चल रहा है, जबकि दूसरे ने भागने की कोशिश की लेकिन उसे उसी समय पकड़ लिया गया।

कांग्रेस का घिनौना सच अब उनके ही नेता ने उजागर कर दिया : नड्डा

नई दिल्ली (एजेंसी)।

केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के उस बयान पर पलटवार किया है, जिसमें राहुल गांधी ने कहा कि हमारी लड़ाई भाजपा और आरएसएस से नहीं है, बल्कि इंडियन स्टेट से भी है।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस का घिनौना सच अब उनके ही नेता ने उजागर कर दिया है। कांग्रेस भारत को बदनाम और अपमानित करना चाहती है। जेपी नड्डा ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि अब और छिपाया नहीं जा सकता है, कांग्रेस का घिनौना सच अब उनके ही नेता ने उजागर कर दिया है। मैं राहुल गांधी की यह स्पष्ट रूप से कहने के लिए प्रशंसा करता हूं कि वह इंडियन स्टेट से लड़ रहे हैं। यह कोई रहस्य नहीं है कि राहुल गांधी और उनके इकोसिस्टम के अर्बन नक्सल और डीप स्टेट के साथ घनिष्ठ संबंध हैं, जो भारत को बदनाम करना, अपमानित करना और बदनाम करना चाहते (शेष पेज 2 पर)

सुको ने विधान परिषद चुनाव के रिजल्ट पर लगाई रोक

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को भारत के चुनाव आयोग को उस सीट के लिए बिहार विधान परिषद उपचुनाव परिणाम घोषित करने से रोक दिया, जो पहले निष्कासित राजद नेता सुनील कुमार सिंह के पास थी। पिछले साल 26 जुलाई को, सिंह को सदन में अनियंत्रित व्यवहार के लिए बिहार विधान परिषद से निष्कासित कर दिया गया था। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद और उनके परिवार के करीबी माने जाने वाले सिंह पर 13 फरवरी, 2024 को सदन में तीखी बहस के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ नारेबाजी करने का आरोप लगाया गया था।

10 देशों के मेहमान आज संगम में लगाएंगे पवित्र डुबकी

महाकुंभ नगर (एजेंसी)। योगी सरकार द्वारा भव्य और दिव्य महाकुंभ का आयोजन अब पूरी दुनिया का ध्यान आकर्षित कर रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को 10 देशों का 21 सदस्यीय दल संगम में पवित्र डुबकी लगाएगा। विदेश मंत्रालय, भारत सरकार के एक्सटर्नल पब्लिसिटी एंड पब्लिक डिप्लोमेसी डिवीजन द्वारा आमंत्रित 10 देशों का 21 सदस्यीय दल बुधवार को पहुंच रहा है।

इस दल के आवास की व्यवस्था अरैल क्षेत्र स्थित टेंट सिटी में की गई है, जिसे उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम ने निर्मित किया है। अंतर्राष्ट्रीय दल गुरुवार को सुबह 8.00 बजे त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाएगा। इसके बाद नाश्ते के बाद 9.30 बजे दल के सदस्यों को हेलीकॉप्टर से महाकुंभ क्षेत्र का हवाई अनुभव कराया जाएगा। भ्रमण कार्यक्रम दोपहर 1.30 बजे समाप्त होगा और दल एयरपोर्ट के लिए रवाना होगा। इस अंतर्राष्ट्रीय दल में फिजी, फिनलैंड, गयाना, मलेशिया, मॉरीशस, सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, त्रिनिदाद एंड टोबैगो और यूएई के प्रतिनिधि शामिल हैं।

भागवत ऐसे ही बोलते रहे तो उनका देश में घूमना-फिरना मुश्किल हो जाएगाः खड़गे

नई दिल्ली (एजेंसी)।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत के सच्ची स्वतंत्रता वाले बयान की निंदा करते हुए बुधवार को कहा कि यदि वह इसी तरह का बयान देते रहे तो देश में उनका घूमना-फिरना मुश्किल हो जाएगा।

खडगे ने कांग्रेस के नए मुख्यालय के उद्घाटन के बाद पार्टी नेताओं को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि आरएसएस और भाजपा के लोगों को (1947 में मिली) आजादी याद नहीं है क्योंकि उनके वैचारिक पूर्वजों का स्वतंत्रता आंदोलन में कोई योगदान नहीं है।

भागवत ने सोमवार को कहा था कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तिथि प्रतिष्ठा द्वादशी के रूप में मनाई जानी चाहिए क्योंकि अनेक सदियों से दुश्मन का आक्रमण झेलने वाले देश को सच्ची स्वतंत्रता इसी दिन मिली थी।

जांच समिति ने भारत-अमेरिका विरोधी संगठनों की रिपोर्ट सरकार को सौंपी

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और अमेरिका के सुरक्षा हितों के खिलाफ काम करने वाले कुछ संगठित आपराधिक समूहों, आतंकवादी संगठनों और मादक पदार्थ तस्करों की गतिविधियों के बारे में एक उच्च स्तरीय जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है।

यह समिति अमरीकी सरकार के इस आरोप के बाद गठित की गयी थी कि भारतीय एजेन्टों ने गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कोशिश की है। गृह मंत्रालय ने बुधवार को यहां एक वक्तव्य जारी कर कहा कि अमेरिकी अधिकारियों द्वारा दी गई सूचना के आधार पर भारत सरकार ने नवंबर 2023 में एक उच्चस्तरीय जांच समिति गठित की थी।

ये संगठन भारत और अमेरिका दोनों के सुरक्षा हितों को नुकसान पहुंचा रहे थे। समिति ने अपनी गहन जांच के साथ ही अमेरिका द्वारा दिए गए सुरागों का भी पता लगाया।समिति ने विभिन्न एजेंसियों के कई अधिकारियों के साथ बात की और संबंधित दस्तावेजों की भी जांच की।

भाजपा नेता प्रवेश वर्मा की बढ़ी मुश्किलें, चुनाव आयोग ने एफआईआर दर्ज करने के दिए निर्देश

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी नेता और नई दिल्ली सीट से उम्मीदवार प्रवेश वर्मा विवादों में घिर गए हैं। बुधवार सुबह नामांकन से पहले उन्हें वाल्मीकि मंदिर परिसर में मतदाताओं को जूते बांटते हुए देखा गया, जिसके बाद चुनाव आयोग ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए।

जानकारी के अनुसार, चुनाव आयोग ने घटना को लेकर मंदिर मार्ग पुलिस स्टेशन को एक पत्र लिखा है। आयोग ने मंदिर मार्ग पुलिस स्टेशन के एसएचओ को पत्र लिखकर वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया। नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि प्रवेश वर्मा पर नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं को जूते बांटने के आरोप लगे हैं। ऐसे में पुलिस स्टेशन के एसएचओ को पत्र लिखकर एफआईआर करने और जांच का आदेश दिया गया है। दरअसल, प्रवेश वर्मा ने बुधवार को नामांकन दाखिल करने से पहले वाल्मीकि मंदिर परिसर में लोगों को जूते बांटे, जिसका वीडियो भी सामने आया। वीडियो वायरल होने के बाद मामले ने तूल पकड़ा और इस पर राजनीतिक बयानबाजी का दौर शुरू हो गया। अन्य दलों के नेताओं ने इसे आचार संहिता का उल्लंघन बताया और प्रवेश वर्मा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

कांग्रेस के 140 साल के गौरवशाली इतिहास का प्रतीक है इंदिरा भवनः प्रियंका

नई दिल्ली (एजेंसी)।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि पार्टी का नया मुख्यालय इंदिरा भवन सामान्य इमारत नहीं, बल्कि कांग्रेस के 140 साल के गौरवशाली इतिहास का प्रतीक है।

श्रीमती वाड्रा ने बुधवार को यहां कांग्रेस के नये मुख्यालय के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अपने 140 बरसों के गौरवशाली इतिहास के साथ आज एक नये भवन में प्रवेश कर रही है। यह इंदिरा भवन हमारे 140 साल के गौरवपूर्ण इतिहास को समेटे हुए है। इसकी दीवारों पर हमारे स्वतंत्रता आंदोलन, सत्य, अहिंसा, शहादत, सत्याग्रह, सेवा, सौहार्द और भारतीय राष्ट्रवाद के प्रतीकों को उकेरा गया है। उन्होंने कहा कि यह भवन हमारे स्वतंत्रता आंदोलन के महान शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों, देश का निर्माण करने वाले महापुरुषों और अपना सबकुछ न्यौछावर करने वाले कांग्रेस के करोड़ों कार्यकताओं के सेवाभाव और समर्पण का भी प्रतीक है।

स्पेशल खबर *बढ़ते साइबर अपराध को लेकर ...*

सुप्रीम कोर्ट सख्त, केंद्र सरकार से मांगा जवाब

नई दिल्ली (एजेंसी)।

सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में बढ़ते साइबर अपराधों को लेकर केंद्र सरकार से जवाब मांगा किया है। अदालत ने कॉलिंग नेम प्रेजेंटेशन सर्विस को लागू करने के लिए ट्राई (टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया) को निर्देश देने की याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा है। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने इस मामले की गंभीरता को स्वीकार करते हुए कहा कि हम जानते हैं कि साइबर अपराध बड़ा मुद्दा है।

बढ़ते साइबर अपराधों को लेकर याचिका बेंगलुरु निवासी गौरीशंकर एस ने

दाखिल की है। याचिका में साइबर अपराध के बढ़ते खतरे और अनचाहे कॉल की समस्या का जिक्र किया गया है। सीजेआई संजीव खन्ना की अगुवाई वाली बेंच ने कहा कि हम समझते हैं कि समस्या है। केंद्र को जवाब देना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने टेलीकॉम नेटवर्क ऑपरेटरों को सीएनएपी (कॉलिंग नेम प्रेजेंटेशन सर्विस) को लागू करने के निर्देश देने के लिए जनहित याचिका पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। याचिका में भारत में साइबर अपराध धोखाधड़ी के बढ़ते खतरे और नागरिकों, कानून प्रवर्तन अधिकारियों और अन्य एजेंसियों जैसे आरबीआई, वाणिज्यिक बैंकों आदि पर पड़ने वाले इसके प्रभाव को बताया गया है।